हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 18 फरवरी 2026

04 महाशिवरात्रि पालकी यात्रा में बाधा का आरोप हिंदू...



07 दूषित पानी की शिकायत के बाद नपा अध्यक्ष लीकेज की जांच करने पहुंचे





## समाचार संक्षेप

### सनाढ्य धर्मशाला दुर्गा कॉलोनी से निकली महादेव की भव्य पालकी



**गुना।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर पिछले वर्ष की भांती इस वर्ष भी भगवान महादेव की हल्दी , मेंहदी बड़े ही धूम धाम से मनाई इसके साथ ही सनाढ्य धर्मशाला दुर्गा कॉलोनी से महादेव की भव्य पालकी निकाली जिसका नेतृत्व राकेश नायक ने किया और उनकी बहन सपना नायकजो प्रतिदिन भोलेनाथ का सिंगार करती है उनके मन में पिछले बर्ष यह भाव जागा जब से ही यह पालकी निकलती जा रही है और हर साल बाबा की पालकी इस तरह ही निकाली जायेगी और भोलेनाथजी के स्वरूप मे छोटे बालक को बनाया गया । सपना ने बताया कि भोलेनाथ जी ने हमें इतना बड़ा मौका दिया जो हमने कभी सपने में नही सोचा था परिवार के सहयोग से समिति के सहयोग, से सभी भक्तगणों के सहयोग से यह आयोजन संपन्न हुआ इस पालकी में सम्मिलित रहे करनसिंह नायक , एस के राजोरिया, रामकिशोर शर्मा, राकेश नायक, अतुल शर्मा ,अनिल नायक ,पंकज नायक , सपना नायक, वंदना नायक , ऋचा शर्मा शिल्पा शर्मा और सभी भक्तगण मौजूद रहे।

### मोक्ष कल्याणक महोत्सवः त्रिमूर्ति कॉलोनी और बरखेड़ा गिर्द में महामस्तकाभिषेक 23 को

**गुना।** जैन धर्म के अष्टम तीर्थंकर चंद्रप्रभु भगवान के मोक्ष कल्याणक के अवसर पर आगामी 23 फरवरी को जिले में भव्य निर्वाण महोत्सव मनाया जाएगा। गुना के त्रिमूर्ति कॉलोनी स्थित जिनालय और बरखेड़ा गिर्द में अतिशयकारी भगवान चंद्रप्रभु का महामस्तकाभिषेक, शांतिधारा और निर्वाण लाडू अर्पण के विशेष आयोजन होंगे। त्रिमूर्ति जिनालय में कार्यक्रम प्रातः 7:30 बजे से मंगलाष्टक के साथ शुरू होगा। वहीं, बरखेछा गिर्द में प्रबंध कार्यकारिणी समिति द्वारा प्रातः 8:30 बजे से अभिषेक एवं लाडू महोत्सव का आयोजन किया गया है। बरखेड़ा जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रातः 7:15 बजे शांतिनाथ दिगंबर जैन (छोटे मंदिर) से रथ की व्यवस्था रहेगी। अध्यक्ष अरविंद जैन आस्था और महामंत्री प्रदीप जैन मामा ने सभी धर्मप्रेमियों से पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

### निज विभाग की कार्रवाई लगातार जारी, दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त



**गुना ।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार जिले में अवैध रूप से खनिजों के उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई निरंतर जारी है। प्रशासन को प्राप्त शिकायतों के आधार पर संबंधित क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखते हुए छापामार कार्रवाई की जा रही है।इसी क्रम में राघौगढ़ क्षेत्र अंतर्गत रूठियाई में अवैध खनन एवं परिवहन की शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए शाम तहसील राघौगढ़ अंतर्गत ग्राम रूठियाई में छापामार कार्रवाई की गई।कार्रवाई के दौरान दो ट्रैक्टर-ट्रॉली अवैध रूप से रेत एवं एम-सैंड का उत्खनन/परिवहन करते हुए पाई गईं। दोनों वाहनों को तत्काल जब्त कर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जिले में अवैध खनन एवं परिवहन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। कार्रवाई में खनिज अधिकारी सचिन वर्मा, प्रभारी खनिज निरीक्षक विजय कुमार चक्रवर्ती सहित विभागीय अमला उपस्थित रहा।

# विलुप्त होती लोककथाओं को जीवंत करने का सशक्त प्रयास

## गुना की लोकधरा फिर गूंजी मंच पर

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



स्थानीय रंगमंच पर कल रात एक यादगार सांस्कृतिक संध्या का साक्षी बना शहर, जब गुना की मिट्टी से जुड़ी लोककथाएँ जीवंत रूप में मंच पर उतर आईं। प्रस्तुति ने दर्शकों को न केवल मनोरंजन दिया, बल्कि अपनी जड़ों से जुडने का भावनात्मक अवसर भी प्रदान किया। मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय के तत्वावधान में विनर सोसाइटी द्वारा प्रस्तुत इस रंगमंचीय कृति ने उन लोककथाओं को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया, जो समय के साथ धीरे-धीरे स्मृतियों से ओझल होती जा रही हैं। मंच सज्जा, पारंपरिक वेशभूषा, लोकसंगीत और सशक्त अभिनय ने वातावरण को पूरी तरह ग्रामीण संस्कृति से सराबोर कर दिया।इस प्रस्तुति के निर्देशक मधुर जैन ने एक बार फिर सिद्ध किया कि रंगमंच केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि सांस्कृतिक संरक्षण का सशक्त उपकरण भी है। अभिनय और निर्देशन में प्रशिक्षित युवा निर्देशक मधुर जैन पिछले कई वर्षों से लोककलाओं और युवा प्रतिभाओं को मंच देने के लिए सतत प्रयासरत हैं। मंच के पीछे रहकर कलाकारों को तराशने वाला यह निर्देशक दरअसल लोकसंस्कृति को विलुप्त होने से बचाने की एक जिद और जद्दोजहद का नाम है। प्रस्तुति के दौरान दर्शकों की तालियों की गडग़ड़ाहट और भावनात्मक प्रतिक्रिया ने स्पष्ट कर दिया कि लोककथाएँ आज भी लोगों के दिलों में जीवित हैं—बस उन्हें सही मंच और सच्ची प्रस्तुति की आवश्यकता है।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित दर्शकों ने इसे केवल एक नाटक नहीं, बल्कि अपनी पहचान और विरासत से पुनर्मिलन का क्षण बताया। यह प्रस्तुति गुना के सांस्कृतिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है, जो आने वाले समय में लोककला संरक्षण के लिए प्रेरणास्रोत बन सकती है। निर्देशक मधुर जैन के अनुसार लोककथाएँ केवल कहानियाँ नहीं होतीं, वे हमारी सामूहिक स्मृति होती हैं। गुना की मिट्टी में जो किस्से कभी चौपालों और आँगनों में गूँजते थे, उन्हें मंच पर वापस लाना हमारे लिए केवल एक प्रस्तुति नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है। रंगमंच मेरे लिए प्रसिद्धि का माध्यम नहीं, बल्कि लोककलाओं को विलुप्त होने से बचाने की एक सतत जद्दोजहद है। यदि आज का युवा अपनी जड़ों को पहचान ले, तो हमारा प्रयास सफल माना जाएगा।

## संगठनों एवं आम नागरिकों ने अपनी समस्याएं

# जनसुनवाई में गूंजे पेंशन, स्वास्थ्य, बिजली और चिकित्सकीय क्षेत्र में लापरवाही के मुद्दे

## शिकायतें प्रस्तुत कीं जिला प्रशासन के समक्ष






हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में मंगलवार को विभिन्न संगठनों एवं आम नागरिकों ने अपनी समस्याओं को लेकर जिला प्रशासन के समक्ष शिकायतें प्रस्तुत कीं। इस दौरान पेंशनरों की मांगों से लेकर चिकित्सकीय लापरवाही और बिजली कनेक्शन जैसी मूलभूत समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं।

### पुलिस पेंशनरों ने सौंपा ज्ञापन

म.प्र. पुलिस पेंशनर्स संघ, जिला गुना (संभाग ग्वालियर) के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। संघ ने लंबित महंगाई राहत की राशि शीघ्र जारी करने तथा केंद्र सरकार के समान प्रदेश के पेंशनरों को 58 प्रतिशत महंगाई राहत देने की मांग की।इसके साथ ही सभी पुलिस पेंशनरों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना लागू किए जाने की मांग भी उठाई गई। संघ का कहना है कि राज्य सरकार द्वारा पूर्व में पेंशनरों के लिए प्रीमियम आधारित स्वास्थ्य बीमा योजना पर विचार किया गया था, जिसे कैबिनेट से स्वीकृति देकर जल्द लागू किया जाना चाहिए।

### चिकित्सक पर लापरवाही के आरोप, कार्रवाई की मांग

जनसुनवाई में विदिशा जिले के लटेरी थाना अंतर्गत ग्राम उनारसी कलां निवासी राजेश अहिरवार ने आरोन अस्पताल में पदस्थ चिकित्सक डॉ. महेश राजपूत के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के अनुसार नवंबर 2025 में उनके चार वर्षीय पुत्र आर्यन का सर्दी-जुकाम के उपचार के दौरान डॉक्टर की निजी क्लीनिक में इलाज कराया गया था। आरोप है कि गलत दवा एवं उपचार में लापरवाही के कारण बच्चे के हाथ में गंभीर इंफेक्शन हो गया, जिससे हाथ काला पड़ गया और बाद में ऑपरेशन कराना पड़ा। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि शिकायत करने पर डॉक्टर द्वारा अभद्र व्यवहार और गाली-गलौच की गई। मामले में पीड़ित ने जिला प्रशासन से जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी अन्य मरीज के साथ ऐसी घटना न हो।

### पांच साल से बिजली कनेक्शन का इंतजार

जनसुनवाई में पुरानी छावनी क्षेत्र की जानकी पुरम और राधे नगर कॉलोनी के सैकड़ों रहवासी भी बड़ी संख्या में पहुंचे। रहवासियों ने बताया कि पिछले पांच वर्षों से स्थाई विद्युत कनेक्शन नहीं मिलने के कारण उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।बिजली के अभाव में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, पेयजल व्यवस्था बाधित है और रात के समय सुरक्षा का भी खतरा बना रहता है। रहवासियों ने जिला प्रशासन से शीघ्र स्थाई बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराने की मांग की।जनसुनवाई में प्राप्त सभी शिकायतों पर प्रशासन द्वारा संबंधित विभागों को जांच एवं आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए जाने की जानकारी सामने आई है।

## सड़क हादसाः ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, तीन लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिला मुख्यालय के समीप हिलगना रोड और बिलोनिया के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार तीन लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। इस सडक़ हादसे में एक ही परिवार के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि बाइक पूरी तरह चकनाचूर हो गई।




घायल शानू यादव (20) ने बताया कि वह अपने दादा रामदयाल यादव (55) और गंगाराम यादव (55) के साथ गुना से अपने गांव पुरेना थाना राघौगढ़ जा रहा था। शानू के दादा का हाल ही में आंखों का ऑपरेशन हुआ था, वह गुना से उनका चश्मा बनवाकर लौट रहे थे। जब वे एबी रोड पर बिलोनिया के समीप अपनी साइड से चल रहे थे, तभी सामने से आ रहे ट्रक क्रमांक एमपी 09 एचजी 4423 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए अचानक कट मार दिया। शानू ने बताया कि ट्रक ने बिना किसी हॉर्न या संकेत के गाड़ी मोड़ दी, जिससे उनकी बाइक टकराकर सीधे ट्रक के नीचे जा घुसी। हादसे में रामदयाल यादव की रीढ़ की हड्डी में गंभीर फ्रैक्चर आया है, जबकि गंगाराम यादव का पैर बुरी तरह टूट गया है। शानू को भी शरीर के कई हिस्सों में चोटें आई हैं। घटना के बाद आसपास के लोगों ने घायलों को संभाला और एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुँचाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दो साल साथ रहने के बाद लिव इन पार्टनर हुआ गायब युवती ने एसपी से की शिकायत चार दिन बाद होनी थी कोर्ट मैरिज

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में एक युवती को दो साल के लंबे रिलेशनशिप के बाद उसके पार्टनर ने शादी से ठीक पहले छोड़कर धोखा दे दिया। दोनों चार दिन बाद कोर्ट मैरिज करने वाले थे, लेकिन युवक अंकित चौहान अचानक गायब हो गया। पीड़ित युवती ने एसपी ऑफिस पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई और युवक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।एसपी ऑफिस में भावुक होकर रोती हुई युवती ने साफ कहा कि अब वह अंकित को कभी स्वीकार नहीं करेगी। उससे अब शादी नहीं करनी, बल्कि अंकित के लिए सजा दिलाना चाहती है। युवती को शक है कि वह जानबूझकर उसे छोड़ने की नीयत से फरार हो गया है और उसे धोखा दिया है।युवती ने एसपी को बताया कि वह एक स्थानीय पार्लर में काम करती है, जबकि उसके माता-पिता ग्वालियर शिफ्ट हो चुके हैं। पिछले दो वर्षों से उसका अंकित चौहान के साथ प्रेम संबंध था। दोनों ने मंदिर में शादी की रस्में पूरी की थीं और नोटरी पर एग्रीमेंट भी बनवाया था। युवती अंकित के लिए करवाचौथ का व्रत रखती थी और उसके नाम का मंगलसूत्र भी पहनती थी।

अंकित ने उसे अन्नपूर्णा कॉलोनी में किराए का कमरा दिलाया था, जहां दोनों पति-पत्नी की तरह रहते थे। युवती का आरोप है कि शुरुआती एक साल तक सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन उसके बाद अंकित कोर्ट मैरिज की बात टालने लगा। अंकित के परिजन शासकीय सेवा में हैं और वे लगातार रिश्ता तोड़ने का दबाव बना रहे थे। इस मामले को लेकर पहले भी थाने में शिकायत हो चुकी है, लेकिन इस बार युवती ने एसपी से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## समस्याओं के समयबद्ध एवं निष्पक्ष समाधान हेतु दिए सख्त निर्देश

### पुलिस अधीक्षक ने जनसुनवाई में सुनी जन समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं समयबद्ध निराकरण के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्री अंकित सोनी द्वारा त्वरित एवं विधिवत निराकरण कराया जा रहा है । इसी क्रम में आज 17 फरवरी (मंगलवार) को पुलिस कंट्रोल रूम स्थित सभागृह में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न अंचलों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं, शिकायतें एवं आवेदन पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के समक्ष प्रस्तुत किए । पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रत्येक फरियादी की बात को गंभीरता, धैर्य एवं संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र, निष्पक्ष एवं विधिसम्मत निराकरण के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए । पुलिस अधीक्षक श्री सोनी ने कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है । जनसुनवाई का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को त्वरित न्याय, राहत एवं विश्वास प्रदान करना है, जिससे पुलिसऔर जनता के बीच सहयोग एवं समन्वय और अधिक मजबूत हो सके ।जनसुनवाई में भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, धोखाधड़ी, साइबर अपराध, लंबित विवेचनाएं तथा पुलिस कार्यवाही से संबंधित अनेक प्रकरण सामने आए । कुछ मामलों में पुलिस अधीक्षक द्वारा मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए गए, जबकि अन्य मामलों में संबंधित थाना प्रभारियों एवं अनुविभागीय अधिकारियों को निष्पक्ष जांच कर शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया । साथ ही निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समय-सीमा में निराकरण किया जाए तथा फरियादियों को की गई कार्यवाही से अवगत कराया जाए ।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर, एसडीओपी गुना विवेक अष्ठना, एसडीओपी राघौगढ़ श्रीमती दीपा डोडवे, एसडीओपी चांचौड़ा मनोज कुमार झा, परिवीक्षाधीन डीएसपी एवं थाना प्रभारी राघौगढ़ आनंद कुमार राय, केंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव, म्याना थाना प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सिंह सिकरवार, अजाक थाना प्रभारी निरीक्षक ओ.पी. राय, गुना कोतवाली इंचार्ज उपनिरीक्षक कुशलपाल, आरोन थाना इंचार्ज उपनिरीक्षक पंकज कुशवाह, महिला थाने से उपनिरीक्षक मोना राय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे । नियमित रूप से आयोजित की जा रही जनसुनवाई गुना पुलिस की एक प्रभावी पहल है, जो आम नागरिकों एवं पुलिस के मध्य विश्वास, पारदर्शिता एवं उत्तर दायित्व को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है ।

## DEIC कार्यालय गुना से पाँच टीबी रोगियों को मिली पोषण सहायता

# शासकीय सेवा के साथ मानवता की मिसाल



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत गुना जिले में निक्षय मित्र अभियान निरंतर प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से समाजसेवी, शासकीय एवं अशासकीय संस्थाएं, शासकीय कर्मचारी तथा जनप्रतिनिधि टीबी रोगियों को गोद लेकर उन्हें उपचार अवधि के दौरान पोषण सहायता प्रदान कर रहे हैं। इसी क्रम में DEIC कार्यालय गुना में पदस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा मानवीय संवेदनाओं की अनुकरणीय मिसाल प्रस्तुत की गई।

DEIC कार्यालय के स्टाफ से निक्षय मित्र बनने हेतु आग्रह किया गया था, जिस पर पहल करते हुए स्टाफ सदस्यों ने कुल 5 टीबी रोगियों को गोद लिया तथा उन्हें 6 माह तक पोषण सहायता प्रदान करने का संकल्प लिया।कार्यालय से प्राप्त सहयोग राशि से जिला चिकित्सालय गुना में टीबी का उपचार ले रहे 5 टीबी रोगियों को प्रथम माह के प्रोटीन युक्त फूड बास्केट प्रदान किए गए। फूड बास्केट में आटा, दालें, चावल, मूंगफली, चना सहित अन्य प्रोटीन एवं ऊर्जा से भरपूर खाद्य सामग्री शामिल की गई है। इस पहल के अंतर्गत टीबी रोगियों को 6 माह की अवधि तक निक्षय मित्रों द्वारा नियमित रूप से फूड बास्केट प्रदान की जाएगी, जिससे उनका पोषण स्तर बेहतर बना रहे और वे उपचार का पूरा कोर्स सफलतापूर्वक पूर्ण कर सकें।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर ने बताया कि टीबी रोगियों के लिए पोषण उपचार का अभिन्न हिस्सा है। प्रोटीन युक्त भोजन से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, जिससे दवाओं का प्रभाव बेहतर होता है और मरीज तेजी से स्वस्थ होते हैं। अंत में उन्होंने जिलेवासियों से अपील की गई है कि वे भी आगे आकर निक्षय मित्र बनें और टीबी रोगियों को 6 माह की अवधि तक पोषण आहार प्रदान कर इस अभियान का हिस्सा बनें। प्रत्येक नागरिक का यह योगदान टीबी मुक्त गुना – टीबी मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है

## कक्षा 10वीं की अंग्रेजी परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न

**गुना ।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक दुबे के मार्गदर्शन में माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं की अंग्रेजी विषय की परीक्षा जिले के सभी 57 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई।परीक्षा में जिलेभर से कुल 16,399 विद्यार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 16,044 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 355 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। सभी केंद्रों पर निर्धारित समयानुसार परीक्षा प्रारंभ हुई और नियत समय पर संपन्न कराई गई।परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक प्रबंध किए गए थे। नकल रोकने के उद्देश्य से तीन उड़नदस्ता दलों का गठन किया गया, जिन्होंने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। प्रश्नपत्रों को संबंधित थानों से सुरक्षित रूप से निकालकर निर्धारित प्रक्रिया के तहत परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाया गया। प्रत्येक केंद्र पर पर्यवेक्षकों की तैनाती की गई थी। परीक्षा के दौरान जिले में कहीं से भी किसी अप्रिय घटना या नकल की शिकायत प्राप्त नहीं हुई।

## “बचपन की मुस्कान, देश की शान” अभियान को मिला वरिष्ठ नेताओं का आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶राघौगढ़

जिले में संचालित “निःशुल्क स्कूल दंत स्वास्थ्य कार्यक्रम – बचपन की मुस्कान, देश की शान” अभियान की सफलता पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह एवं पूर्व मंत्री व राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह ने DVS एडवांस डेंटल क्लिनिक, राघौगढ़, डॉ. साहिब सलीम अली तथा उनकी संपूर्ण टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। समाजहित में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि बच्चों की स्वस्थ मुस्कान ही देश के उज्ज्वल भविष्य की पहचान है। इस प्रकार के जनकल्याणकारी प्रयास शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य जागरूकता को भी मजबूत करते हैं। डॉ. साहिब सलीम अली के नेतृत्व में यह अभियान जिले के विभिन्न विद्यालयों में संचालित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों का निःशुल्क दंत परीक्षण, दंत स्वास्थ्य परामर्श, ब्रशिंग तकनीक की जानकारी तथा नशा मुक्ति एवं एंटी तंबाकू जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।



## महादेव संगठन ने निकाली शिव बारात मंदिरों में हुई पूजा-अर्चना



हरिभूमि न्यूज ▶▶राघौगढ़

नगर में महाशिवरात्रि का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जहां सुबह से ही मंदिरों में पूजा-अर्चना का दौर शुरू हो गया जो कि देर रात तक चलता रहा। दरअसल, रविवार को नगर में महाशिवरात्रि मनाई गई। नगर के छोटे शिवालय, बड़े शिवालय, तहसील स्थित शिव मंदिर सहित नगर के अन्य शिव मंदिरों में दिन भर पूजा अर्चना के साथ भक्तों तांता लगा रहा। महाशिवरात्रि के अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी महादेव संगठन द्वारा भगवान भोलेनाथ की बारात निकाली गई। इसके एक दिन पहले भगवान भोलेनाथ की हल्दी-मेहंदी की रस्म मनाई गई। जिसमें संगठन के सदस्यों के साथ आसपास की सैकड़ों महिलाओं ने भगवान भोलेनाथ को हल्दी लगाई तथा महिलाओं द्वारा भजन गाएं गए। रविवार को तहसील स्थित शिव मंदिर पर महादेव संगठन द्वारा भगवान भोलेनाथ की बारात निकाली गई जोकि मंगल भवन, सुनार मोहल्ला, पोस्ट ऑफिस होते हुए मेन चौराहे पहुंचीं। जहां सर्वसमाज हिन्दू संगठन द्वारा भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की गई। इस बीच शानदार आतिशबाजी व ढोल नगाड़ों के साथ भक्त थिरकते नजर आएं। शिव बारात मेन चौराहे से होती हुई, सदर बाजार, कटरा मोहल्ला होते हुए वापिस शिव मंदिर पहुंचीं। नगर में निकली शिव बारात का विभिन्न स्थानों पर फूल मालाओं व स्वल्पाहार के साथ स्वागत किया गया। भगवान भोलेनाथ का बहुत ही अद्भुत श्रृंगार किया गया। जोकि मुख्य रूप से आकर्षण का केंद्र रहा। इसी के साथ ही शिवालयों पर भी साज सज्जा की गई। सुबह से ही हजारों की संख्या में भक्तगण दर्शन करते नजर आए।

# महाशिवरात्रि पालकी यात्रा में बाधा का आरोप हिंदू समाज ने एसडीएम से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶चांचौड़ा

महाशिवरात्रि पर्व पर बीनागंज नगर में परंपरागत रूप से निकलने वाली बाबा महाकाल की पालकी यात्रा के दौरान कथित रूप से पुलिस द्वारा बाधा उत्पन्न किए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में समस्त सनातन धर्म प्रेमी हिंदू समाज ने चाचौड़ा एसडीएम को शिकायती आवेदन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।शिकायत में बताया गया कि 15 फरवरी 2026 को महाशिवरात्रि के अवसर पर बीनागंज नगर में बाबा महाकाल की पालकी यात्रा निकाली जा रही थी। यात्रा के दौरान महिला सशक्तिकरण एवं बेटियों की आत्मरक्षा को लेकर जागरूकता संदेश के उद्देश्य से सांकेतिक प्रदर्शन भी किया जा रहा था। इसी दौरान बीनागंज चौकी प्रभारी अजय प्रताप सिंह यादव द्वारा यात्रा को रोकने का प्रयास किए जाने तथा श्रद्धालुओं को कथित रूप से धमकाने के आरोप लगाए गए हैं।आवेदन के अनुसार, मुख्य जैन मंदिर चौराहे पर पालकी यात्रा को रोका गया और यह तर्क दिया गया कि चार पहिया वाहनों के कारण



महिलाओं व बच्चियों को चोट लग सकती है, जबकि शिकायतकर्ताओं का कहना है कि यात्रा से यातायात किसी भी प्रकार से बाधित नहीं हो रहा था। आरोप है कि इस दौरान मंदिर के पुजारी के साथ भी अभद्र व्यवहार किया गया तथा यात्रा को वापस ले जाने की चेतावनी दी गई। हिंदू समाज ने इस घटना को सनातन धर्म की भावनाओं को आहत करने वाला कृत्य बताया है। समाज का कहना है कि पूर्व में भी धार्मिक आयोजनों के दौरान इस प्रकार की घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे क्षेत्र के हिंदू समाज में आक्रोश व्याप्त है।समस्त सनातन धर्म प्रेमी हिंदू समाज ने एसडीएम से मामले की निष्पक्ष जांच कर चौकी प्रभारी के विरुद्ध उचित कार्रवाई की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि दो दिवस के भीतर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो हिंदू समाज एवं विभिन्न हिंदू संगठनों द्वारा संवैधानिक तरीके से आंदोलन किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।वर्जन

अजय प्रताप सिंह चौकी प्रभारी बीनागंज बीनागंज में पुलिस व्यवस्था के साथ व्यवस्थित पालकी निकाली गई जो भी मुझ पर आरोप लगाए गए हैं वह मनगढ़ंत है मेरे स्टाफ स्टाफ एवं मैंने किसी भी व्यक्ति से अभद्रता की।

## स्व-सहायता समूह उपलब्ध कराएंगे प्राकृतिक व हर्बल गुलाल के होली हैम्पर

**गुना।** म.प्र.डे.राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला गुना अन्तर्गत कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गुना अभिषेक दुबे द्वारा स्व-सहायता समूह की दीदीयों को सामाजिक एंव आर्थिक रूप से सशक्त करने के उद्देश्य से विभिन्न नवाचार एवं पहल की जा रही है एवं शासन स्तर से हर संभव सहयोग एवं प्रोत्साहन किया जा रहा है ।जिला परियोजना प्रबंधक सोनू सुशीला यादव द्वारा बताया गया कि इसी क्रम मे वोकल फॉर लोकल एवं आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की परिकल्पना को साकार करते हुए होलीपर्व के अवसर पर स्व-सहायता समूहों द्वारा होली के अवसर पर उपयोग होने वाली विभिन्न सामग्री जैसे-गौशाला के गोबर से निर्मित गुलरियां, हर्बल गुलाल, गुजियाँ, पपड़ी आदि का निर्माण किया जा रहा है एवं होली हैम्पर तैयार किये जा रहे हैं। उक्त सभी उत्पाद होली के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर स्टॉल लगाकर उचित मूल्य पर विक्रय किये जावेंगे। इस नवाचार से एक और नागरिकों को शुद्ध एवं उचित दर पर सामग्री उपलब्ध होगी।

## ब्राह्मण धर्मशाला में हुआ विशेष गीता स्वाध्याय संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर ब्राह्मण धर्मशाला नजूल कालोनी में भगवान शिव काअभिषेक किया गया अभिषेक में सपत्नीक भाग लेने वालों में वीरेंद्र भार्गव, ओमप्रकाश शर्मा, संदीप शर्मा, सुरेन्द्र प्रसाद वशिष्ठ ने अभिषेक में सहभागिता की वहीं विप्र उत्थान समिति के अध्यक्ष अवधेश शर्मा, पत्रकार पंडित मनोज शर्मा, रामस्वरूप सेन, अंकित पाण्डेय, रानी, आशा शर्मा,शारदा शर्मा धर्मवीर सिंह, उमाशंकर भार्गव, राजकमल शर्मा, सुधीर सक्सेना, रामसिंह रघुवंशी, रविन्द्र सिंह रघुवंशी, बजरंगगढ़ से चंद्रप्रकाश भट्ट, रूठियाई से कार्यकारी अध्यक्ष जवाहर लाल द्विवेदी उपस्थित रहे इस अवसर पर गीता जी के प्रथम अध्याय के तेईस से लेकर तैंतीसवें श्लोकों तक का स्वाध्याय किया गया स्वाध्याय गीत गणेश गौरी गुरु वंदना पंडित अंकित पाण्डेय ने कराई वहीं गीता महात्म्य के श्लोकों का वाचन रामसिंह रघुवंशी ने कराया। हमारे दैनिक जीवन में भी महाभारत होती रहती है हमको हमैशा अपने लोगों से सावधान रहना चाहिए। महाभारत होने का मूल कारण मेरे और पाण्डु के पुत्र में भेद करना था। धृतराष्ट्र पुत्र मोह के कारण कुछ कह नहीं पा रहे थे वहीं भीष्म पितामह, गुरु द्रोणाचार्य सिंहासन के आदेश के विरोध में बोल नहीं पा रहे थे। जबकि ये लोग आन्तरिक मन से पाण्डवों के साथ हुये अन्याय से दुखी थे और उनके पक्ष में थे। उपरोक्त विचार जवाहर लाल द्विवेदी ने व्यक्त किये। अमृत वचन में धर्मवीर सिंह ने बताया कि हमें अपने ऊपर कभी भी घमंड नहीं करना चाहिए। प्रेरक प्रसंग में एक दृष्टांत के माध्यम से ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि हमें हमैशा भूखे व्यक्ति को भोजन कराना चाहिए उसके भोजन करने से उसकी आत्मा तृप्त होती है। स्वाध्याय में श्रीमती राखी भार्गव, हर्षित वशिष्ठ,मनोरमा भार्गव, सौरभ उर्फ रिंकू भार्गव, बलवीर सिंह यादव, राहुल शर्मा, प्रदीप शर्मा, अनिल चतुर्वेदी, सहित समाज कीमहिलाए एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## महाशिवरात्रि पर्व पर हुई काव्य गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

चेतना साहित्य एवं कला परिषद गुना द्वारा महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर सदर बाजार स्थित मुरलीधोकर मंदिर पर वरिष्ठ कवि विष्णु साथी की अध्यक्षता हरीश सोनी गीतकार के मुख्य आतिथ्य तथा बृजराज सिंह गौतम के विशेष आतिथ्य में कवि गोष्ठी संपन्न हुई। सरस्वती वंदना कीर्ति मोरोलिया ने सुनाई। कवि गोष्ठी का संचालन नगर के जाने-माने शायर प्रेम सिंह प्रेम ने किया। संचालन करते हुए प्रेम सिंह प्रेम ने प्यार के संबंध में अपने भाव यूं व्यक्त किए आसमान सा खुला है कैद कोई परिंदा नहीं है, प्यार पूजा है इबादत है कोई धंधा नहीं है। दिलोजान से एक दूसरे पर मरने मिटने वालों प्यार अंधा जरूर है मगर हुजूर गंदा नहीं है। वरिष्ठ कवि विष्णु साथी ने वेलेन्टाइन डे पर कहा आओ नफरत की वादियों में मुहब्बत बो दें, प्यार की फसल उगाने का आज मौसम है। कवियत्री श्रीमती संतोष ब्रह्मभट्ट ने भगवान शिव की पूजा करने पर ये विचार कहे उठा धर्म का लोटा पगले,मन पापी पर धार दे, तोड़ कपट के पत्ते सारे, शिव चरणों में डाल दें। गीतकार हरीश सोनी ने अपने विचार यूं साझा किए कष्टों के हिमगिरि पर बैठा, जो ध्यान करे वह शंकर है।भुज गले भुजंगों की माला, मृगछाल धरे वह शंकर है।है भोलाभाला थोडे तप से,हो प्रसन्न वर दे देता संसृतिकी रक्षा करने को विषपान करे वह शंकर है। उमाशंकर भार्गव ने अपने विचार इस प्रकार रखे फक्कड़ तो रहते हैं आप किंतु है बड़े वरदानी।वर देने में आपके बराबर नहीं कोई सानी। श्रीमती कीर्ति मोरोलिया ने सच्चाई के संबंध में कहा सच कहती हूं,सच लिखती हूं।हो कितना भी कड़वा सच,सच सहने का दम रखती हूं ,सच कहती हूं। धर्मवीर सिंह ने कहा अल सुबह सूरज की किरण मुझे बता गई लो मैं आ गई।रात गई बात गई मेरी समझ में आ गई।श्रीमती ज्योति विश्वकर्मा ने कहा चटक मटक ओढली साड़ी और पांवों में पायल बंधे, औघड़ दानी मंद मुस्कानी मटक मटक कर चाल चले अभिनंदन मडवरिया ने शिवजी के संबंध में बताया खुला नेत्र जो शिव कातीजा, दुनिया को है दिखा नतीजा दर दर से तुम ठुकराये फांक फांक की नौबत आए।

# चाचौड़ा अभिभाषक संघ ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

- चाचौड़ा हत्या के विरोध में 16 फरवरी को चाचौड़ा में न्यायालयीन कार्य ठप
- एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶चांचौड़ा


नरवर (जिला शिवपुरी) के अधिवक्ता संजय सक्सेना की निर्मम एवं जघन्य हत्या के विरोध में 16 फरवरी 2026 को चाचौड़ा में अधिवक्ताओं द्वारा न्यायालयीन कार्य से पूर्णतः विरत रहने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में अभिभाषक संघ, चाचौड़ा की अति आवश्यक बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर प्रतिवाद दिवस मनाने का निर्णय लिया गया।बैठक में वक्ताओं ने कहा कि अधिवक्ता की हत्या जैसी घटना ने पूरे अधिवक्ता समाज को झकझोर कर रख दिया है और यह



न्याय व्यवस्था की गरिमा व अधिवक्ताओं की सुरक्षा पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाती है। पूर्व में भी अधिवक्ताओं की सुरक्षा को लेकर शासन से कई बार मांग की जा चुकी है, किंतु अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है।मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद, जबलपुरके आह्वान पर 16 फरवरी को प्रतिवाद स्वरूप समस्त अधिवक्ता न्यायालयीन कार्य से विरत रहेंगे। साथ ही माननीय मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को तत्काल लागू करने एवं अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने की मांग की जाएगी।अधिवक्ताओं ने स्पष्ट किया कि जब तक अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए प्रभावी कानून लागू नहीं किया जाता, तब तक ऐसे आंदोलनों को जारी रखा जाएगा।अध्यक्ष श्रीलाल श्रीवास्तव, सचिव रंजीत सिंह गौर,उपाध्यक्ष राजवीर सिंह राजपूत, दिनेश दास वैरागी,कोषाध्यक्ष सुरेश चंद्र साहू, पुस्तकालय प्रभारी विनोद कुमार सेन, ऑडिटर संदेश कुमार अग्रवाल, कार्यकारणी सदस्य विशन सिंह यादव, अरुण कुमार लाहोटी, अजय कुमार जैन, अवनीश राजौरिया, राजेन्द्र कुमार शर्मा, राजीव श्रीवास्तव, दिनेश कुमार शर्मा, सतीश कुमार लाहोटी, जयराज सिंह खींची, नंदकिशोर मीना,कौशलेंद्र मीना, हबीब खाँन, गोपाल सोनी, अम्बरीश राजौरिया, सुनील गुर्जर, अमित कुमार सेन, यश कुमार शर्मा, अरुण कुमार मीना, रोमिका गुर्जर, समीना बानो, जगमोहन मीना, दिलीप कुमार लोधी, राजकुमार राजपूत आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## बाइक सवार बदमाश फरार, पुलिस तलाश में जुटी

# शाढ़ौरा में महिला से कान की बाली छीनी




**शाढ़ौरा।** सोमवार रात एक महिला से कान की बाली छीनने की घटना सामने आई है। रात करीब साढ़े 9 बजे सड़क पर पैदल चल रही महिला को निशाना बनाकर दो बाइक सवार बदमाशों ने इस वारदात को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गए। पीड़िता सुनीता रघुवंशी (55) अमौदा रोड स्थित नगर परिषद कार्यालय के पास रहती हैं। उनके परिवार में शादी होने के कारण महिलाएं रात में माता पूजन के लिए गई थीं और वापस घर लौट रही थीं। तीन-चार महिलाएं एक साथ सड़क किनारे पैदल चल रही थीं, तभी पिपरोल रोड के सामने यह घटना हुई। बदमाशों में से एक बाइक चालू कर खड़ा था, जबकि दूसरा सड़क किनारे घात लगाए था। जैसे ही सुनीता रघुवंशी उनके पास से गुजरीं, बदमाश ने उनके कान की एक बाली झटके से खींची और बाइक पर बैठकर फरार हो गए। महिला की चीख सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हुए, लेकिन तब तक बदमाश भाग चुके थे।

घटना की जानकारी मिलते ही लोगों की भीड़ जमा हो गई और उन्होंने बदमाशों का पीछा करने की कोशिश की, लेकिन वे नजरों से ओझल हो गए। पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और अमौदा गांव तक तलाशी अभियान चलाया। रात 11 बजे तक पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी रही, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिल सका। पीड़ति के बेटे विशाल रघुवंशी ने थाने में आवेदन दिया है। छीनी गई बाली की अनुमानित कीमत लगभग 50 हजार रुपये बताई जा रही है।

## खाद्य तेल आयात पर सख्त नीति लागू की जाए

**चंदेरी विधायक ने विधानसभा में ध्यानाकर्षण सूचना के माध्यम से प्रश्न लगाया।**

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी ने विधानसभा में ध्यानाकर्षण सूचना के माध्यम में खाद्य तेल आयात पर सख्त नीति लागू किए जाने पर सरकार का ध्यान आकर्षित किया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि भारत 55-60 प्रतिशत खाद्य तेल आयात करता है 2025-26 में 16.7 मिलियन टन अनुमानित, जिसमें पाम ऑयल 8-9 मिलियन टन है, जिससे विदेशी मुद्रा का भारी नुकसान होता है। सस्ते आयतित पॉम ऑयल से घरेलू तिलहन (सोयाबीन, सरसों) के भाव दबते हैं, किसान मक्का/अनाज फसलों की ओर शिफ्ट होते हैं। पाम ऑयल में -50 प्रतिशत सैचुरेटेड फैट होने से कोलेस्ट्रॉल बढ़ता है, हृदय रोग के कारण अतिरिक्त मौते हो जाती हैं। सरकार हेल्थ बजट पर बड़ी राशि व्यय करती है अगर आयात बंद कर दिया जाए या कम कर दिया जाए तो तिलहन की खेती बढ़ेगी। किसान अनाज से शिफ्ट होकर तिलहन की फसल अपनाएगें जिससे किसानों की आय बढ़ेगी। जिसे लेकर उन्होंने मांग की है कि खाद्य तेल (पाम ऑयल) आयात पर सख्त नीति (उच्च ब्यूटी/प्रतिबंध) लागू की जाए।



# शाढ़ौरा में बढ़ती अपराधिक घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई हेतु ब्लॉक कांग्रेस ने ज्ञापन सौंपा



**शाढ़ौरा।** शाढ़ौरा थाना क्षेत्र में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर त्वरित कार्यवाही हेतु मंगलवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया गया। ब्लॉक अध्यक्ष मोनू रघुवंशी कुन्दौरा ने बताया कि शाढ़ौरा थाना क्षेत्र में लगातार गंभीर आपराधिक घटनाएं घटित हो रही हैं, जिससे आमजन में भय एवं असुरक्षा का वातावरण व्याप्त है।

ज्ञापन शाढ़ौरा ब्लॉक अध्यक्ष सोनू रघुवंशी कुन्दौरा के नेतृत्व में दिया गया। जिसमें राजेंद्र कुशवाह जिलाध्यक्ष कांग्रेस की सहभागिता रही, और विभिन्न कार्यकत्ता जिनमें रमाकांत चतुर्वेदी सतपाल जलालपुर सोनू रघुवंशी (सेजी) रमेश अहिरवार झागर, रवि मोहने, अभिषेक रघुवंशी सडूमरा, अभिषेक शाढ़ौरा, नीरज रघुवंशी, मोहर सिंह चैधरी, सचिन त्यागी, अभिजीत रघुवंशी, कुलदीप मथनेर,गजराज अहिरवार, हेमंत साहू व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### खास बातें

- शाढ़ौरा में गल्ला व्यापारी के साथ 20 लाख रुपए की लूट की घटना, जिसमें आरोपी पकड़े गए परंतु लूटी गई राशि बरामद नहीं हुई।
- खेजरा अटारी क्षेत्र में लूट की घटना। एक मासूम बच्चे के अपहरण का मामला। शाढ़ौरा में पुलिस की नाक के नीचे खुलेआम जुआ संचालित होना।
- गांव-गांव अवैध शराब (कच्ची शराब) एवं खुली शराब विक्री।
- रात्रि में नगर परिषद के सामने से एक महिला के गहने झपटने की घटना।
- थाना संचालन में कुछ संदिग्ध दलालों की भूमिका होने की चर्चाएं।

## गरीब छात्रों के साथ भेदभाव कर रहा विधि महाविद्यालयः एनएसयूआई



**अशोकनगर।** मंगलवार को अशोकनगर के नेहरू महाविद्यालय में एनएसयूआई ने विधि महाविद्यालय में चल रही अवैध वसूली को लेकर ज्ञापन सौंपा। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अभिजीत रघुवंशी ने बताया कि कि बिना किसी शासकीय आदेश के शासकीय विधि महाविद्यालय अशोकनगर में विद्यार्थियों से तीन-तीन हजार रुपए जबलपुर हाईकोर्ट की कार्रवाई दिखाने के लिए लिया जा रहा हैं।जिससे कि गरीब छात्र आर्थिक स्थिति कमजोर होने की वजह से इस ट्रिप पर नहीं जा पा रहे हैं एवं हाई कोर्ट की कार्यवाही देखने से वंचित हो रहे हैं।

अभिजीत रघुवंशी का कहना है कि शासन की स्थापित परंपरा एवं नियमों के अनुसार इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण सभी विद्यार्थियों के लिए समान अवसर के रूप में तथा शासकीय व्यय पर आयोजित किए जाने चाहिए। किंतु वर्तमान व्यवस्था में आर्थिक रूप से सक्षम विद्यार्थियों को प्राथमिकता दिए जाने से अन्य छात्र, विशेषकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, इस महत्वपूर्ण शैक्षणिक अनुभव से वंचित हो रहे हैं। रघुवंशी में कहा आरोप लगाया कि यह प्रक्रिया न केवल भेदभावपूर्ण है बल्कि अवैध वसूली की श्रेणी में भी आती है। शासन के नियमानुसार सभी विद्यार्थियों को शासन के खर्चे पर ट्रिप पर ले जाया जाता है जिससे किसी भी छात्र के साथ भेदभाव ना हो लेकिन इस संबंध में केवल पैसे वाले विद्यार्थियों को ट्रिप पर ले जाया जा रहा है जबकि शासन द्वारा कोई भी आदेश नहीं दिया है।

### विजेता टीम को पुरस्कार प्रदान किया गया

# कबड्डी प्रतियोगिता में एआरके टीम विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶मुंगावली

विगत दो दिनों से जेल बिल्डिंग ग्राउंड पर चल रही ग्रामीण स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का कल रात्रि जगमगाती हुई रोशनी के बीच समापन हुआ। जिसमें टीमों ने एक दूसरे की प्रतिस्पर्धा में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अपना खेल दिखाया

प्रतियोगिता में पहला सेमीफाइनल मैच मुंगावली एवं इच्छावर सीहोर के मध्य हुआ जिसमें मुंगावली की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। वहीं दूसरा सेमीफाइनल ताल एवं गुदवाल के मध्य खेला गया जिसमें ताल ने विजय प्राप्त की। वही फाइनल मुकाबला ताल एवं मुंगावली के मध्य खेला गया जिसमें मुंगावली के बेस्ट खिलाड़ी आसिफ खान (छोटू ) ने शानदार खेल के प्रदर्शन पर अपनी टीम को विजय हासिल कराई। इस टूर्नामेंट में छबड़ा, विदिशा, गुना, अशोकनगर जिलों की टीमों ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजपाल सिंह यादव सुरेल महामंत्री नरेश ग्वाल समाज सेवी पंडित आशीष पालीवाल,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शोभाराम राजपूत, टूर्नामेंट अध्यक्ष अजीज खान जमीदार, पूर्व उपाध्यक्ष जलील खान जमीदार, युवा नेता सत्यजीत सिकरवार, सहित अन्य तिथि उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अंसार जमींदार एवं विजयेंद्र वर्मा, आमिर जमीदार, मो आरिफ द्वारा किया गया। निर्णायक की भूमिका आनंदी यादव, मुबारक खान ने की टूर्नामेंट की व्यवस्था खेल प्रशिक्षक जावेद खान द्वारा की गई। वहीं समिति सदस्यों के रूप में विशेष रूप से असलम पटेल, हाफिज रागिब जमीदार, हैप्पी जमीदार, नाजिम जमीदार, सहित भारी संख्या में रात्रि में दर्शक एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।



## द्वितीय मासिक बैठक नई अनाज मंडी में संपन्न हुई

**अशोकनगर।** किसान संघ की मासिक बैठक नई मंडी में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश जैविक प्रमुख जगराम सिंह यादव, संभाग मंत्री रामकिशन रघुवंशी, संभाग उपाध्यक्ष महेन्द्र सिंह जिला प्रभारी दिनेश दुबे, जिला अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रघुवंशी, जिला मंत्री बाबूजी यादव, जिला व तहसील कार्यकारिणीयो के अन्य सदस्य भी बैठक में उपस्थित रहे। आज की मासिक बैठक में सभी तहसीलों द्वारा 15 दिनों तक चले भारत माता पूजन की जानकारी उपलब्ध कराई गई।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद अशोकनगर (म.प्र.)

Email : cmoashoknagar@mpurban.gov.in Ph No 07543-222811

क्रमांक / तकनीकि/2026/756 — अशोकनगर दिनांकः-03/02/2026

// निविदा आमंत्रण सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (LAKHS) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_UAD_480121_1 04/02/2026 | वार्ड क्रमांक 01 में WBM सडक निर्माण कार्य। | 1 30 दिवस 2 5.50 लाख | 1 2000/- 2 5500/- | 21/02/2026 |
| 2 | 2026_UAD_480121_2 04/02/2026 | वार्ड क्रमांक 06 में WBM सडक निर्माण कार्य। | 1 30 दिवस 2 5.09 लाख | 1 2000/- 2 5090/- | 21/02/2026 |
| 3 | 2026_UAD_480121_3 04/02/2026 | वार्ड क्रमांक 21 में WBM सडक निर्माण कार्य। | 1 30 दिवस 2 5.50 लाख | 1 2000/- 2 5500/- | 21/02/2026 |
| 4 | 2026_UAD_480121_4 04/02/2026 | वार्ड क्रमांक 22 में सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 1 30 दिवस 2 6.33 लाख | 1 2000/- 2 6330/- | 21/02/2026 |
| 5 | 2026_UAD_480121_5 04/02/2026 | वार्ड क्रमांक 22 में हइट सडक निर्माण कार्य। | 1 30 दिवस 2 5.47 लाख | 1 2000/- 2 5470/- | 21/02/2026 |
| 6 | 2026_UAD_480121_6 04/02/2026 | अमाही तालाब से निकाय के इंटेकवेल तक पाईपो पर GSB बिछाई कार्य। | 1 30 दिवस 2 3.33 लाख | 1 2000/- 2 3333/- | 21/02/2026 |
| 7 | 2026_UAD_480121_7 04/02/2026 | नवीन सब्जी मण्डी में हइट सडक निर्माण कार्य। | 1 30 दिवस 2 8.50 लाख | 1 2000/- 2 8500/- | 21/02/2026 |

निविदा से संबधित किसी भी प्रकार के संशोधन ऑनलाईन वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद अशोकनगर

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के शाढौरा थाने की पुलिस ने ककरूआ राय निवासी राकेश बाल्मीक से 10 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। चन्देरी पुलिस ने धमरासा निवासी जयशा बंजारा के पास से 8 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### विद्युत प्रकरणों के निराकरण में छूट संबंधी निर्देश जारी

**अशोकनगर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के तत्वावधान में तथा म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 14 मार्च 2026 को जिला न्यायालय अशोकनगर तथा तहसील न्यायालय, चंदेरी, मुंगावली एवं ईसागढ़ में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। ऐसे पक्षकार जिनके मामले न्यायालयों में लंबित हैं या ऐसी परिस्थिति निर्मित है, जो भविष्य में न्यायालय में जाने का विषय बन सकती है, दोनों ही परिस्थितियों में पक्षकार स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अशोकनगर या तहसील विधिक सेवा समिति चंदेरी, मुंगावली एवं ईसागढ़ न्यायालय में संपर्क कर अपने मामलों का निराकरण करा सकते हैं। प्री-लिटिगेशन स्तर पर रखे जाने वाले मामलों में कोर्ट फीस नहीं लगती है तथा लंबित मामलों में पूर्व में दी गई कोर्ट फीस वापस हो जाती है। उक्त लोक अदालत में लंबित प्रकरणों में निम्न दाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवाट भार तक के गैर घरेलू, 10 अश्वशक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को छूट दी जायेगी।

### जनसुनवाई में प्राप्त आवेदन पर जांच दल गठित

**अशोकनगर।** मंगलवार को आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में तहसील अशोकनगर के ग्राम बमौरा के ग्रामीणों द्वारा शासकीय भूमि एवं खेल मैदान से अवैध कब्जा हटाये जाने संबंधी शिकायत कलेक्टर साकेत मालवीय के समक्ष की गई थी। कलेक्टर के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह द्वारा आवेदन पर कार्यवाही करते हुए जांच दल गठित किया गया है। इस जांच दल में राजस्व निरीक्षक ग्राम बामौरा तहसील अशोकनगर, संबंधित पटवारी ग्राम बामौरा तहसील अशोकनगर, संबंधित पंचायत सचिव ग्राम बामौरा जनपद पंचायत अशोकनगर, बीट प्रभारी (पुलिस) ग्राम बामौरा तहसील अशोकनगर तथा बीट गार्ड (वन)ग्राम बामौरा तहसील अशोकनगर होगें। उक्त जांच समिति 07 दिवस में आवेदन पत्र में वर्णित तथ्यों के संबंध में जांच करेगी एवं वस्तु स्थिति का विस्तृत एवं स्पष्ट संयुक्त जांच प्रतिवेदन प्रभारी अधिकारी (शिकायत शाखा) कलेक्ट्रेट कार्यालय अशोकनगर के समक्ष प्रस्तुत करेगी। उल्लेखनीय है कि समस्त ग्रामवासी बामौरा तहसील व जिला अशोकनगर द्वारा 17 फरवरी 2026 को जनसुनवाई में उपस्थित होकर संयुक्त आवेदन प्रस्तुत कर अवगत कराया है कि ग्राम बामौरा स्थित सर्वे क्रमांक 441 रकवा 3.1350 है० खेल मैदान के लिए एवं भूमि सर्वे क्रमांक 821 रकवा 0.5750 है०, सर्वे क्र. 822 रकबा 0.7110 है०, सर्वे क्र. 823 रकवा 0.9930 है०, सर्वे क्र. 824 रकबा 1.5050 है०, सर्वे क्र. 448 रकया 1.0970 है० एवं सर्वे क्र. 449 रकवा 1.6300 है० सभी सर्वे नं. शासकीय गौशाला की उपयोगी चरनोई भूमि पर ग्राम परासरी तहसील व जिला गुना से आकर मनाराम, गंगाराम, फूलसिंह एवं लखन आदि दबंग व्यक्तियों द्वारा तारफैंसिंग से कब्जा कर खेती करने लगे है। उक्त लोगों के द्वारा तारफैंसिंग पर बिजली का करंट डालना एवं एससीएसटी केस लगाने की धमकी देने का लेख भी आवेदन पत्र में किया गया है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। कोतवाली थाना क्षेत्र के तहत अमित नामदेव निवासी बसीर खांन की बगिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी दीपक शर्मा और उसकी पत्नि निवासी मंदसौर मिल ने उससे मारपीट की और उसका कांच तोड दिया।

---

### कई घंटों की मशक्कत के बाद लीकेज मिला

# दूषित पानी की शिकायत के बाद नपा अध्यक्ष लीकेज की जांच करने पहुंचे





**नपा अध्यक्ष ने स्वयं पानी पीकर लोगों को भरोसा दिलाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मंगलवार को नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया को शहर के कुछ इलाके के नागरिकों ने शिकायत की थी कि उनके नलों में गंदा पानी आ रहा है। इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए नपा अध्यक्ष के साथ उपयंत्री गंदे पानी की जांच पड़ताल करने पहुंचे, कईं घण्टों की मसक्कत के बाद नगरपालिका अध्यक्ष ने अमले के साथ गोपाल गंज में एक नल ऐसा ढूढ़ लिया जिसमें सीधा गंदा पानी पाइप लाईन में जा रहा था, जिसके बाद समस्या का निराकरण किया गया।

शहर में इस तरह की शिकायत स्टेशन रोड और सुभाषगंज के लोगों द्वारा की गई थी जिसके बाद पाइप लाईन जहां जहां से गुजरी है वहां वहां पाइप लाईन को चैक करने का काम किया गया और यह तलाशी की गई कि आखिर नलों में गंदा पानी कहां से जा रहा है। इस लीकेज का पता लगाने के लिए पूरे दिन कार्यवाही चलती रही, जब विवेक टॉकीज चैराहे पर इस तरह के लीकेज का कोई पाइंट नहीं मिला तब गोपाल गंज में लीकेज को ढूंढा गया जहां पाया गया कि वहां एक नल टूटा पड़ा था यहां सीधे नल से फैरूल से जुड़कर गंदा पानी सीधे पाइप लाईन में जा रहा था। यह पाइप लाईन गांधी पार्क से और एक रघुवंशी गली से जुड़ी है, जिसके बाद इस नल को बंद कराया गया। जिसके बाद कईं घरों में पानी की जांच पड़ताल भी कराई गई कि कहीं कोई नल में गंदा पानी तो नहीं आ रहा। नपा अध्यक्ष स्वयं कईं घरों में पहुंचे और पानी का सेवन किया। उन्होंने इस संबंध में नगर के नागरिकों से कहा है कि वह अपने दिमाग में किसी भी प्रकार का फितूर न रखें। यदि किसी व्यक्ति के यहां गंदा पानी आ रहा है तो वह सीधे शिकायत करें नगरपालिका उनकी समस्या का निराकरण करने के लिए तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करेगी। शहर के किसी भी व्यक्ति को गंदा पानी प्रदाय किसी भी कीमत पर नहीं होने दिया जाएगा।

शहर के नागरिकों को राजघाट बांध परियोजना से अशोकनगर शहर के लोगों को पानी प्रदाय करने के संबंध में जो योजना तैयार की गई है उस योजना के अंतर्गत हमारा प्रयास है कि मई माह तक जो शहर की टोरिया पर नवीन पानी की टंकी का निर्माण हो रहा है उसका कार्य पूर्ण कर लिया जाए और इस टंकी के माध्यम से पटेल पार्क,महावीर कॉलोनी, इन्द्रा पार्क, जिंद बाबा दरवार के आसपास गौशाला के निवासियों को इस टंकी से पानी प्रदाय हो सके। इस टंकी को अमाही तालाब से जोडा जाएगा ताकि इस इलाके के नागरिकों को पूरे वर्ष भर पानी की समस्या का सामना न करना पडे। राजघाट बांध परियोजना के लिए नगरपालिका के पूर प्रयास है कि वर्षा काल की अवधि समाप्त होने से पहले यह योजना प्रारंभ हो जाए। इस योजना के माध्यम से रेल पटरियों के दूसरी ओर रहने वाले निवासियों को पर्याप्त मात्रा में पानी का प्रदाय हो सकेगा। अभी शहर में रेल फाटक के दूसरे इलाकों में पाइप लाईन न होने के कारण पानी की समस्या है,उसका भी निराकरण किया जा रहा है।

वर्तमान में अशोकनगर शहर की आवादी लगभग सवा लाख है,शहर के नागरिकों को नगरपालिका पानी प्रदाय करने का कार्य करती है। नगरपालिका के लगातार प्रयासों के कारण शहर को पिछले 3 वर्षों में पानी की किसी भी प्रकार की समस्या सामने नहीं आई है। वर्तमान में शहर में 9313 नल कलेक्शन हैं जिनके माध्यम से लोगों को घर बैठे पानी प्रदाय किया जाता है। आने वाले समय में जब राजघाट परियोजना प्रारंभ हो जाएगी उसके बाद जल उपभोक्ताओं की संख्या इससे दोगुनी होने के आसार हैं। शहर के लोगों को पानी आज भी नगरपालिका सभी संसाधनों से पर्याप्त मात्रा में पानी प्रदाय कर रही है।

शहर की जनता को जल स्त्रोत अमाही तालाब से जल प्रदाय किया जाता है। इस तालाब का जल स्तर 23 फीट है यह तालाब मूल रूप से जल संसाधन विभाग का है जो स्टेट के समय खेती की सिंचाई के लिए बनाया गया था। 1965 में अशोकनगर में तत्कालीन नेता मुल्तान मल सुराना के प्रयासों से यहां जल प्रदाय योजना का श्री गणेश हुआ था उस समय तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारकाप्रसाद मिश्र ने यहां पानी की टंकी का शुभांरभ किया था। उस समय शहर की आवादी 10 हजार हुआ करती थी। तब भी अमाही तालाब से पानी प्रदाय होता था और आज भी अमाही जलाशय से ही पानी प्रदाय हो रहा है। यहां की बुनियादी समस्या का निराकरण भी वर्तमान नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया के प्रयासों से आने वाले समय में पूरा होने जा रहा है जब शहर के लोग पानी की समस्या से आने वाले 50 वर्षों तक निजात पा सकेगें। यहां के अमाही तालाब का जलस्तर वर्तमान में साढे सोलह फीट है। जिससे अभी भी खेती को पानी दिया जा रहा था, यहां से नहर बंद कर दी गई है ताकि शहर के लोगों को पानी की समस्या भविष्य में न आए।

---

### पुलिस ने डीजे संचालकों की ली बैठक

## रात्रि 10 बजे के बाद डीजे संचालन पर होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा लाऊडस्पीकर संचालन के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय की गाईड लाईन एवं वर्तमान में संचालित बोर्ड परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए विद्यार्थियों के शांतिपूर्ण अध्ययन हेतु रात्रि 10.00 बजे के बाद डीजे संचालन पर सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है।

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर के निर्देशन में थाना प्रभारी कोतवाली निरी0 रवि प्रताप सिंह चैहान द्वारा समस्त डीजे संचालकों की बैठक आयोजित कर स्पष्ट निर्देश दिए गए कि रात्रि 10.00 बजे के पश्चात किसी भी प्रकार के आयोजन में डीजे का संचालन नहीं किया जाएगा। बैठक के दौरान डीजे संचालकों द्वारा अवगत कराया गया कि कई अवसरों पर आयोजनकर्ता देर रात्रि तक डीजे संचालन हेतु दबाव बनाते हैं। इस पर स्पष्ट निर्देश दिए गए कि यदि कोई व्यक्ति जबरन डीजे बजाने का प्रयास करता है, तो तत्काल संबंधित थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को सूचित करें। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस द्वारा विधि सम्मत कार्यवाही की जाएगी। सभी डीजे संचालकों से इस संबंध में लिखित बाउंड भरवाए गए हैं। रात्रि के समय पुलिस सतत निगरानी रखेंगी तथा आदेश का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। अशोकनगर पुलिस आमजन से अपील करती है कि विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों एवं प्रशासनिक आदेशों का पालन करें तथा शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें।

### गौशाला में बनी पानी की होदी की सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

**ईसागढ़।** समाजसेवी कुलविंदर कौर उर्फ सिमरन हमेशा निस्वार्थ भाव से सेवा करती नजर आती है चाहे वो आदिवासी बस्ती हो या गुरुद्वारा या क्षेत्र का कोई भी कार्य हमेशा अपनी उपस्थिति देकर लोगों का दिल जीत लेती है।



दीन दुखियों की सेवा करना उनका पहला कदम है अपने गुरुजी के आशीर्वाद से वह अपने सभी कार्य पूर्ण लगन से करती है समाज में राजनीति में अपना पूर्ण सहयोग देकर कार्य करती है गरीब आदिवासी बच्चों को शिक्षित करने आंगनवाड़ी ढाकोंनी को गोद लिया और गरीब बस्ती में ठंड से बचने के लिए कंबल गर्म कपडे त्योहार के समय मिठाई वितरण कर उनके साथ त्यौहार मनाना और गुरुद्वारे में हमेशा जूता घर की सेवा करती है अब इसी कदम को आगे बढ़ाते हुए गौशाला दयालपुर की जिम्मेदारी बखूबी निभा रही है आज गौशाला में बनी पानी की होदी जो काफी समय से गंदी पड़ी थी तो उन्होंने स्वयं इस होदी को अपने हाथों से सफाई कर उसमें स्वच्छ जल भरकर गौमाताओं को पिलाया।

---

# प्रीपेड स्मार्ट मीटर योजना रद्द करने, सरकारी स्कूलों को बंद करने के विरोध में धरना प्रदर्शन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मेहनतकश वर्ग की क्रांतिकारी पार्टी एस यू.सी.आई (सी) द्वारा जिला कलेक्ट्रेट के सामने बिजली के प्रीपेड स्मार्ट मीटर, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार एवं महिलाओं-बच्चियों पर बढ़ते अपराधों सहित विभिन्न जन मुद्दों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया।

इस दौरान बात रखते हुए पार्टी के जिला सचिव सचिन जैन ने कहा कि आज देश भर में आम गरीब मध्यम वर्ग के लिए जीवन यापन करना लगातार मुश्किल होता जा रहा है। एक तरफ रोजगार का संकट है तो दूसरी तरफ दैनिक उपयोगी वस्तुएं और जन सुविधाएं लगातार महंगी होती जा रही हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, बिजली जैसे सेवा क्षेत्रों को कॉर्पोरेट घरानों को मुनाफा कमाने के लिए सौंपे जा रहे हैं। इंदौर के भागीरथपुरा की घटना अत्यंत दुखदाई है, जहां दूषित पानी पीने से मासूम बच्चों सहित कई लोग मारे गए और हजारों की संख्या में गंभीर रूप से बीमार भी हुए। मध्यप्रदेश में स्वच्छता में प्रथम स्थान पर आने वाला शहर भी लोगों को स्वच्छ पानी नहीं दे पा रहा है। अशोकनगर में भी कई कालोनियों में पानी की समस्या मौजूद है जिसका समाधान नहीं किया जा रहा है। इसी प्रकार मध्य प्रदेश में बिजली के निजीकरण करने के उद्देश्य से लगाए जा रहे हैं प्रीपेड स्मार्ट मीटर जनता को हजारों के बिल थमा रहे हैं। बिजली कंपनी वाले लोगों को जबरदस्ती या भ्रमित करके भी स्मार्ट मीटर लगा रहे हैं।

दूसरी ओर प्रदेश के 94000 सरकारी स्कूलों को बंद करने की नीति लाई गई है। जिससे हाल ही में क्लोजर और मर्जर के तहत 20 हजार से ज्यादा स्कूल बंद हो गए है, बाकी बंद होने के कगार पर है। अशोकनगर, महिद्पुर, पिपरई में शुरू किए गए सांदीपनी स्कूल में दस किमी दूरी तक के अन्य सरकारी स्कूलों को मर्ज कर बंद किया जा रहा है स्कूलों को बंद करना शिक्षा और छात्रों पर बहुत बड़ा हमला है इन स्कूलों में अच्छे भवन, पेयजल टॉयलेट और उचित शैक्षणिक संसाधनों, व शैक्षणिक स्टाफ की कमी बड़े स्तर पर है।

**खास बातें**

- सरकार सभी लोगों को शुद्ध पानी उपलब्ध कराये। भागीरथपुरा, सहित इंदौर के अन्य क्षेत्रों में दूषित जहरीले पानी से हुई मौतों की निष्पक्ष जांच कर, जिम्मेदारों को कठोर दंड दिया जाए। पीड़ितों को नि: शुल्क चिकित्सा व पर्याप्त मुआवजा दिया जाए।
- प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने की आर डी एस एस योजना को तत्काल रद्द किया जाए।
- मध्य प्रदेश में 94,000 सरकारी स्कूलों को बंद करने की नीति रद्द किया जाए।
- स्वास्थ्य क्षेत्र में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप नीति रदद की जाए

---

किसान खाद विक्रेताओं पर कार्रवाई की मांग करने पहुंचे।

# चना व मसूर की फसल कीटनाशक दवा के छिड़काव के बाद नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





चना और मसूर की फसल कीटनाशक दवा के छिडकाब के बाद नष्ट, किसान खाद विक्रेताओं पर कार्यवाही की मांग करने पहुंचे। खैराभान निवासी अविनाश गरवाल पुत्र विनोद गरवाल ने जनसुनवाई में शिकायत की है कि उसके द्वारा खाद विक्रेता के यहां से कीटनाशक दवा खरीदी गई थी, उक्त दवा विक्रेता द्वारा गलत दवा देने से उसने जो 8 बीघा में चने की फसल बोई थी वह डालने से नष्ट हो गई है।

कृषक अविनाश गरवाल ने अपने आवेदन में कहा है कि उसकी खैरा भान में 8 बीघा जमीन है उसने 19/1/2026 को कृष्ण कृषि क्लीनिक से कीटनाशक दवा खरीदी थी,जिसका जब मैने खेत में खड़ी चने की फसल में छिडकाब किया तो फसल पीली पड़कर सूख गई है। जब मेरे द्वारा दवा विक्रेता से कहा तो वह बिल आज कल में देने की बात करता रहा और चक्कर लगवाता रहा। जिसके बाद उसके द्वारा 23 जनवरी 2026 का बिल दिया गया। ऐसी स्थिति में उसने अपने आवेदन में नष्ट फसल का मुआवजा दिलवाए जाने की मांग की है।

### मसूर की फसल खराब होने पर किसान कृषि उप संचालक के यहां पहुंचे

बगुल्या के किसान भानू पुत्र केशरी सिंह रघुवंशी ने कृषि विभाग के उप संचालक के यहां शिकायत की है कि उनकी जमीन ग्राम उमरी में है जिसका रकबा 2.581 हेक्टेयर है जिसमें उसके द्वारा मसूर की फसल बोई गई थी। उक्त फसल को लेकर कृषि खाद विक्रेता विवेककुमार प्रेमकुमार की दुकान से दवा खरीदी गई थी। उसके द्वारा फग्गी साइडटोनिक और माहु की दवा ले थी, जिसे डालने के अगले ही दिन उसकी मसूर की फसल मुरझा गई और पूरी तरह से झुलस गई। देखने पर लगता है जैसे कि फसल में आग लग गई हो। उन्होंने ने आरोप लगाया है दुकानदार द्वारा नकली दवाएं दी गई हैं जिस पर से नुकसान की भरपाई किए जाने हेतु आवेदक ने मांग की है।

---

## छात्रा का प्रवेश पत्र नहीं आने से परीक्षा में बैठने की नहीं मिली अनुमति



**अशोकनगर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा के अंतर्गत मंगलवार को जिले में 34 केन्द्रों पर इस परीक्षा की शुरूआत हुई। इस परीक्षा को लेकर एक छात्रा अपने पिता के साथ जन सुनवाई में आवेदन देने पहुंची और कहा कि उसका प्रवेश पत्र नहीं आया जिसके कारण उसे परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं मिली।

जनसुनवाई में मोहर सिंह अपनी पुत्री मीनाक्षी को लेकर इस समस्या के निराकरण की मांग करते नजर आया,जिसमें कहा गया है कि वह भगतसिंह स्कूल शंकर कॉलोनी अशोकनगर की छात्रा है और उसका आज अग्रेंजी संकाय का प्रश्न पत्र था। जब वह आज परीक्षा केन्द्र पहुंची तो उसे परीक्षा में बैठने नहीं दिया। स्कूल के प्राचार्य वेदराम लोधी का छात्रा से कहना था कि उसका प्रवेश पत्र नहीं आया है, अगली बार दिलवा देगें। जबकि छात्रा और उसके अभिभावक का कहना है कि वह परीक्षा की पूरी शुल्क जमा कर चुके हैं। जन सुनवाई के दौरान कलेक्टर साकेत मालवीय के साथ जिला पंचायत सीईओ ने छात्रा और उसके पिता की बात को सुना और उसे गंभीरता से लेते हुए शिक्षा विभाग से मौजूदा उप संचालक एनिस जैन को निर्देश दिए कि वह आवेदिका छात्रा की समस्या सुन और उसका निराकरण करवाएं छात्रा की समस्या भी एनिस जैन द्वारा सुनी गई और अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वह उक्त विद्यालय में पहुंचकर छात्रा की समस्या का परीक्षण करें विद्यालय संचालक को फोन भी लगाया गया।

---

# जनसुनवाई में 176 आवेदक अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



मंगलवार को आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में 176 आवेदक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे जिन्हे कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा समक्ष में सुना गया और निराकरण के निर्देश दिए गए। साथ ही गूगलमीट से समस्त एसडीएम, सीईओ जनपद पंचायत, मुख्य नगर पालिका अधिकारी जुडे रहे। जनसुनवाई में आये संबंधित तहसील एवं जनपदों के आवेदन निराकरण के निर्देश संबंधितों को निर्धारित समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये गए।

जनसुनवाई में चंदेरी निवासी पुष्पेन्द्र तिवारी द्वारा ईलाज हेतु आर्थिक सहायता राशि दिलाए जाने,अशोकनगर निवासी देवीचरण साहू द्वारा बी.पी.एल कार्ड को पुनः चालू कराए जाने, पिपरई निवासी रामदयाल अहिरवार द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराए जाने, नईसराय निवासी लखन कुशवाह द्वारा फसल नष्ट करने के संबंध में, चंदेरी निवासी वृन्दावनलाल बड़कुल द्वारा अर्जित अवकाश का भुगतान किए जाने,ग्राम बामौरी निवासी कंछेदी आदिवासी द्वारा भूमि पर से कब्जा हटवाए जाने, ग्राम देपराई निवासी नीतेश यादव द्वारा भूमि से अतिक्रमण हटाए जाने,अशोकनगर त्रिलोकपुरी कॉलोनी निवासी नथियाबाई द्वारा बीपीएल कार्ड पुनरू चालू कराए जाने,अशोकनगर निवासी फरीन अंसारी द्वारा गैस कनेक्शन दिलाए जाने,ग्राम सिंघाड़ा निवासी रानी अहिरवार द्वारा समग्र आईडी,प्रधानमंत्री आवास एवं संबल कार्ड स्वीकृत कराए जाने,वार्ड क्रमांक 09 अशोकनगर निवासी आदित्य पारासर द्वारा पुनरू हेल्पर के पद पर रखे जाने,ईसागढ़ निवासी लटूरा द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराए जाने संबंधी समस्यामूलक आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों के निराकरण समय सीमा में किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को मौके पर दिए।

कलेक्टर द्वारा जिला स्तरीय जनसुनवाई में तहसील चंदेरी के ग्राम खैरा निवासी पुष्पेन्द्र तिवारी को रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से 20 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि का चैक मौके पर प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है आवेदक द्वारा बताया गया कि वह कैंसर से पीडिंत है जिसका इलाज टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल मुंबई में चल रहा है। आवेदक के लिए आने जाने का किराया एवं एमआईआर जांच हेतु आर्थिक सहायता हेतु आवेदन दिया गया।

---

# केंद्रीय मंत्री ने एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म का शुभारंभ किया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

भारत विस्तार कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से परामर्श के एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म का शुभारंभ केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चैहान द्वारा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के जयपुर स्थित दुर्गापुर अनुसंधान केंद से प्रारंभ किया। जिसका सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केंद्र अशोकनगर द्वारा वेबकास्ट के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर अशोकनगर जिले की जिला पंचायत की स्थाई कृषि समिति की सभापति शीतल सत्येंद्र कलावत ने उपस्थित होकर किसान भाइयों एवं कृषि सखियों का मार्गदर्शन किया। फसल संग्रहालय, प्राकृतिक कृषि हेतु बायो रिसर्च सेंटर एवं प्राकृतिक खेती के माध्यम से उगाई जा रहे हैं धनिया की फसल का निरीक्षण के साथ-साथ स्ट्रॉबेरी एवं पौधशाला का निरीक्षण भी करवाया। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक और प्रमुख डॉक्टर बी.एस गुप्ता नोडल अधिकारी, प्रमुख नोडल अधिकारी डॉक्टर व्ही.के जैन एवं सहायक नोडल अधिकारी डॉ हेमंत कुमार त्रिवेदी,इन्द्र सिंह मिर्धा तथा ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर चंदेरी नरोत्तम शर्मा ने उपस्थित रहे। उक्त प्लेटफार्म से एआई के माध्यम से मौसम ,मंडी ,कृषि तकनीकी एवं भारत सरकार मध्यप्रदेश सरकार की योजनाएं एवं कृषि से संबंधित बीमा आदि की जानकारी एक ही प्लेटफार्म से मिल सकेंगी।

### जामोन्या जौहर के ग्रामीणों ने राजगढ़ पहुंच कलेक्टर-एसपी से लगाई गुहार

# साहब, हमारे गांव में इंदौर-भोपाल से बुलवाई जा रही हैं कॉलगर्ल्स

### गश्त बढ़ाने के साथ ही गांव में अस्थाई पुलिस चौकी बनवाने की मांग





हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के नरसिंहगढ़ क्षेत्र के जामोन्या जौहर गांव में एक विशेष समाज की महिलाओं द्वारा अनेकों वर्षों से वैश्यावृत्ति की जा रही है। लेकिन, अब गांव में इंदौर, भोपाल जैसे शहरों से कॉलगर्ल्स बुलवाकर यह धंधा शुरू करवा दिया गया है। नरसिंहगढ़ एसडीएम सहित कुरावर पुलिस को कई बार अवगत कराने, ज्ञापन सौंपने के बाद भी जब समस्या का यथोचित हल नहीं निकला तो जामोन्या जौहर के सैकड़ों ग्रामीण मंगलवार को कलेक्टर, एसपी से गुहार लगाने पहुंचे। करीब एक सैकड़ा से अधिक संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने कुरावर पुलिस पर भी इस अवैध धंधे से जुड़े लोगों से सांठगांठ के आरोप लगाए। ग्रामीणों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख है कि बाहर से आने वाली कॉलगर्ल्स ने अब सड़क पर बैठकर धंधा करना शुरू कर दिया है। उनके गांव के आसपास इस अवैध गतिविधि के संचालन से बच्चों के मन, मस्तिष्क पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ रहा है।

**स्कूली छात्राओं से की जाती है छेड़छाड़**

पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे अनेकों ग्रामीणों ने एडिशनल एसपी केएल बंजारे को लिखित शिकायती पत्र सौंपा। पत्र में उल्लेख किया गया कि गांव में उक्त अवैध धंधा पनपने से अनेकों लोग नशे की हालत में गांव में घुस जाते हैं। ऐसे दुष्चरित्र लोगों द्वारा न केवल स्थानीय लोगों, महिलाओं, बच्चों से अशोभनीय व्यवहार किया जाता है बल्कि स्कूल जा रही छात्राओं से छेड़छाड़ की जाती है।

**हाट-बाजार, बुधवार, रविवार को अनेकों लोगों का जमावड़ा**

अधिकारियों को सौंपे गए पत्र में ग्रामीणों ने उल्लेख किया कि बाहरी कॉलगर्ल्स को गांव में वैश्यावृत्ति करने से रोकने पर उनके द्वारा गाली-गलौच करते हुए धमकियां दी जाती हैं कि हम तुम्हें झूठे केस में फंसवा देंगे। हमारी पहुंच ऊपर तक है और पुलिस भी हमारा कुछ नहीं कर सकती।

**थाने में दिया आवेदन पर कोई निराकरण नहीं**

ग्रामीणों ने बताया कि वे स्थानीय पुलिस को कई बार उक्त अवैध गतिविधि को बंद करवाने के संबंध में आवेदन सौंप चुके हैं लेकिन खुलेआम चल रहे धंधे पर लगाम नहीं लग पाई है। ज्ञापन में आगे उल्लेख है कि अगर शासन, प्रशासन ने जामोन्या जौहर क्षेत्र में चली वैश्यावृत्ति पर रोक नहीं लगवाई तो ग्रामीणों को कानून अपने हाथ में लेने पर मजबूर होना पड़ेगा। ग्रामीणों ने अधिकारियों से गांव क्षेत्र में दिन और रात्रि में गश्त बढ़वाने के साथ ही गांव में अस्थाई पुलिस चैकी बनवाने की मांग भी की है।

### नायब तहसीलदार के प्रतिवेदन पर पुलिस की कार्रवाई

# गौवंश की मौत पर चक्काजाम, 12 लोगों पर दर्ज की एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नगर से निकले बाइपास पर मंगलवार सुबह स्थानीय मिडवे होटल के सामने मृत गौवंश रखकर कुछ गौ-सेवकों सहित अन्य द्वारा हाईवे पर चक्काजाम किया गया था। चक्काजाम के चलते राजमार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई। बाद में स्थानीय प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर चक्काजाम खत्म करवाया। हाईवे पर किए गए इस चक्काजाम से यात्रियों, वाहनों चालकों को हुई असुविधा के मद्धेनजर कोतवाली पुलिस ने नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्टेट मनोहर कुल्हारे के प्रतिवेदन पर जाम लगाने वाले 12 लोगों पर राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम सहित बीएनएस की अन्य सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

**इन 12 पर दर्ज की गई एफआईआर**

पुलिस ने बताया कि मामले में जिन 12 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है उनमें नयन विजयवर्गीय, दीपू पंडा, आकाश मेवाड़े, लक्ष्य तंवर, शिवनंदन गुर्जर, संजय वर्मा, पुल्कित पिपलोटिया, पंकज वर्मा, सावन पुष्पद, रोहित शर्मा, राहुल साहू एवं कुलदीप गुर्जर शामिल हैं।

**एफआईआर से गौसेवकों में आक्रोष**

गौसेवकों द्वारा पर दर्ज हुए इस मुकदमे की न केवल गौ-सेवकों बल्कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी कई लोगों द्वारा निंदा की जा रही है। हालांकि, प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि विरोध जाहिर करने के अन्य तरीके भी हैं लेकिन संबंधित अभियुक्तों ने कानून के प्रतिकूल जाकर हाईवे पर चक्काजाम लगाया था।

# रात को घर में गूंजा आशीर्वाद समारोह का उल्लास, सुबह कुएं से मिली पिता की लाश

### गांव में शोक की लहर, पुलिस की कार्रवाई जारी



**सारंगपुर** । घर में रातभर खुशियों का माहौल था। छोटे बेटे का आशीर्वाद समारोह पूरे उल्लास और परिजनों की मौजूदगी में संपन्न हुआ। किसी ने नहीं सोचा था कि वही घर सुबह मातम में डूब जाएगा। सुबह खेत पर पानी फेरने निकले कन्हैयालाल पिता प्यारेलाल, निवासी लोटिया थाना लीमचौहान देर तक घर वापस नहीं लौटे।

काफी इंतजार के बाद परिजनों को चिंता हुई और वे तलाश में खेत पहुंचे। खेत पर स्थित कुएं के पास कन्हैयालाल की चप्पल पड़ी मिली, जिससे अनहोनी की आशंका गहराने लगी। परिजनों ने आसपास तलाश की तो कन्हैयालाल कुएं में गिरे मिले। तत्काल ग्रामीणों की मदद से उन्हें कुएं से बाहर निकाला गया और डायल 112 की सहायता से सिविल अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जिस घर में कुछ घंटे पहले मंगलगीत और खुशियों की गूंज थी, वहां अब चीख-पुकार और मातम पसरा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने मामले की जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रथम दृष्टया मामला कुएं में गिरने से मौत का बताया जा रहा है, हालांकि वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्पष्ट होंगे।

# घूमन्तु गौरव कप क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



घूमन्तू, अर्ध घूमन्तू समाज में सामाजिक परिचय आत्म गौरव, संगठन भाव एवं युवा शक्ति जागरण के उद्देश्य को लेकर पब्लिक स्पोस्ट क्लब ब्यावरा 16 से 26 फरवरी किया जा रहा है जिसमे 22 टीम भाग ले रही हैं। टूर्नामेंट के उद्धघाटन के अवसर पर अतिथि के रूप हेमंत सेठिया प्रान्त कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, रजनी प्रकाश अतिरिक्त जिला न्यायाधीश ब्यावरा, केएल बंजारा एडिशनल एसपी, लखन विश्वकर्मा, संजय सक्सेना प्रेमलता, जितेन्द्र झंझोरिया, दोजीराम अहिरवार, वीरेंद्र धाकड़ जप ब्यावरा, आयोजनकर्ता आकाश झंझोरिया, अमित झंझोरिया, श्याम सुन्दर , जुगनू, संजेश गुदेन, सुनील नैनावत, मोनू, दीपक, दिलराज छाड़ी, सोनू, सागर, दीपक एवं समस्त विमुक्त, घूमन्तू, अर्ध घूमन्तू समाज।

# बच्चा चोरी की आशंका पर पांच महिलाएं पुलिस के हवाले, पूछताछ के बाद छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर के वार्ड क्रमांक 4 बड़ी होली, गोलावाड़ी तथा चांदबावड़ी क्षेत्र में मंगलवार को बच्चा चोरी की आशंका के चलते अलग-अलग मोहल्लों के लोगों ने पांच महिलाओं को पुलिस के हवाले कर दिया। जानकारी के अनुसार पहले मामले में चार महिलाएं भोपाल से एक ऑटो चालक के साथ नगर में इलेक्ट्रिक इंडक्शन सहित घरेलू उपयोग का सामान बेचने आई थीं। बताया जा रहा है कि महिलाएं वार्ड क्षेत्र में घर-घर जाकर सामान बेच रही थीं, तभी कुछ लोगों को उन पर संदेह हुआ और इसकी सूचना पुलिस को दे दी गई।

वहीं दूसरी घटना में चांदबावड़ी क्षेत्र से जालौन निवासी एक महिला को भी संदेह के आधार पर पकड़कर पुलिस के हवाले किया गया। हाल ही में बच्चा चोरी से जुड़ी अफवाहों के चलते क्षेत्र में पहले से ही सतर्कता का माहौल बना हुआ



है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और महिलाओं को ऑटो सहित थाने ले जाकर पूछताछ की। जांच के दौरान सामने आया कि चार महिलाएं वास्तव में भोपाल निवासी हैं और नगर में केवल घरेलू सामान बेचने के उद्देश्य से आई थीं। किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि या संदिग्ध तथ्य सामने नहीं आने पर पुलिस ने आवश्यक पूछताछ के बाद सभी महिलाओं को छोड़ दिया। उल्लेखनीय है कि देशभर में इन दिनों बच्चा चोरी की घटनाओं को लेकर तरह-तरह की अफवाहें सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों से तेजी से फैल रही हैं। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध जानकारी की पुष्टि किए बिना अफवाहों पर विश्वास न करें तथा ऐसी स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना दें, जिससे कानून व्यवस्था बनाए रखी जा सके।

**इनका कहना है...**

रहवासियों की शंका पर महिलाओं से पूछताछ कर छोड़ दिया। वैसे अभी तक सारंगपुर क्षेत्र में बच्चा चोरी की घटना नहीं हुई है।

आकांक्षा हाड़ा, थाना प्रभारी सारंगपुर

# रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर किया सम्मानित




**जीरापुर**। नगर के तिरंगा मित्र मंडल को रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर जिला स्वास्थ्य विभाग राजगढ़ एवं ब्लड बैंक द्वारा डोनर मोटिवेशन प्रोग्राम एंड कार्यशाला आयोजित कर सम्मानित किया गया। राजगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश ब्लड बैंक उपसंचालक भोपाल डॉ राहुल भदोरिया, सिविल सर्जन शर्मा , डॉक्टर पी के जैन, डॉक्टर भदोरिया की मुख्य उपस्थित में ब्लड डोनेशन के कार्य में लगे हुए सभी संगठनों के सदस्यों का सम्मान किया गया। इसी कड़ी में तिरंगा मित्र मंडल के सदस्यों को भी नगर में रक्तदान शिविर आयोजन एवं जरूरतमंद मरीजों को रक्त उपलब्ध करवाने के लिए सम्मानित किया गया। जिला ब्लड बैंक द्वारा किए गए तिरंगा मित्र मण्डल के सम्मान पर आभार माना गया। तथा सदस्यों ने कहा कि परोपकारी कार्य करते रहना चाहिए ताकि जरूरतमंद को उसका लाभ मिल सके।

# जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता के आयोजन के लिए जनपद स्तरीय टीमों का किया चयन



**जीरापुर**। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग शासन के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजगढ़ के मार्गदर्शन में नवाचार अंतर्गत पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन एवं प्रतियोगिता का संयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग राजगढ़ द्वारा किया जा रहा है। प्रतियोगिता के अंतर्गत बालक वर्ग में कबड्डी एवं बालिका वर्ग में खो-खो खेल का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद स्तर से चयनित टीमों ने भाग लिया। जनपद क्षेत्र की 7 पंचायतों के खिलाड़ियों ने सहभागिता की। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को क्रमशः 21000 रूपये 11000 रूपये तथा5000 रूपये की नगद पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम का शुभारंभ संभागीय खेल अधिकारी, विकासखंड समन्वयक आरती मुजाल्दे क्रीड़ा शिक्षक अरविंद बंसल, ईश्वर सिंह पवांर, सोनू राठौर, मोहित परिहार, निहाल भावसार एवं अनेकों खिलाड़ी उपस्थित रहे। भारत की पारंपरिक खेल विधाएँ हमारी सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इन खेलों के माध्यम से खिलाड़ियों में शारीरिक क्षमता, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं टीम भावना का विकास होता है। जनपद स्तर से प्रतिभाओं को आगे बढ़ाकर जिला एवं राज्य स्तर तक मंच प्रदान करना विभाग की प्राथमिकता है।

# शिव-पार्वती विवाह पर महिलाओं ने नृत्य किया

**जीरापुर**। शिवरात्रि के अवसर पर अटल चौक में नौ दिवसीय शिवमहापुराण कथा का आयोजन सिद्धेश्वर महादेव शिव परिवार द्वारा आयोजित किया जा रहा। पंडित अनुराग कृष्ण जी महाराज के मुखारविंद से भगवान शिव के प्रसंग का वर्णन बताया कि जब पांडव वनवास जाने लगे तब वे सब सर्व प्रथम भगवान कृष्ण को प्रणाम करने पहुंचे भगवान कृष्ण ने पांचों पांडव से कहा कि तुम जहां भी रहो शिव की भक्ति करना बंद मत करना इतना सुन कृष्ण को प्रणाम कर पांचों पांडव निकल गए और पांचों पाण्डवों में से सिर्फ अर्जुन ने श्री कृष्ण की आज्ञा का पालन किया। अर्जुन रोज मिट्टी से शिव लिंग का निर्माण करते ओर उनका पूजन करते थे। उन्होंने कथा के माध्यम से भक्तों को बताया कि मन से श्रद्धा पूर्वक की गई भक्ति से देवाधिदेव महादेव भगवान प्रसन्न हो जाते हैं।जब आप ईश्वर को अपनी अंतरात्मा से प्रसन्नचित भाव से याद करते हैं तो भगवान स्वयं हमारी मनोकामनाएं पूरी करते हैं। शिव पार्वती विवाह पर महिलाओं ने खूब नृत्य किया।

# घायल विद्यार्थी को परीक्षा केंद्र तक पहुंचाया



**राजगढ़**। कुछ दिनों पहले राजस्थान सीमा सरहद्धी पर हुए एक हादसे में दो युवकों की मृत्यु हो गई थी, वहीं तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हुआ था। उसी तीसरे छात्र हरिओम गुर्जर निवासी ग्राम फत्तूखेड़ी का मंगलवार को दसवीं बोर्ड अंग्रेजी विषय का प्रश्न-पत्र था। पैरों से चलने में असमर्थ परीक्षार्थी के माता-पिता भी राजी नहीं थे कि ऐसी स्थिति में उनका बच्चा परीक्षा देने जाए।

ऐसे में शिक्षकों भगवान सिंह गुर्जर, अनिल पिपलोटिया ने हरिओम के अभिभावकों को प्रेरित किया की परीक्षा न देने से उसका एक वर्ष खराब हो जाएगा। इसके उपरान्त दोनों शिक्षकगण चलने में असमर्थ परीक्षार्थी हरिओम को राजगढ़ मुख्यालय स्थित उत्कृष्ट विद्यालय के परीक्षा केंद्र लेकर पहुंचे। केंद्र पर पहुंचे हरिओम ने अंग्रेजी का पर्चा अच्छे से हल किया। आपको बतादें कि बोर्ड परीक्षाओं की कड़ी में कल मंगलवार को कक्षा दसवीं अंग्रेजी विषय का प्रश्न-पत्र था। परीक्षा के लिए कुल पंजीकृत 19 हजार 900 में से 19हजार 540 विद्यार्थी परीक्षा देने पहुंचे वहीं 360 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। अब तक हुई बोर्ड परीक्षाओं में जिले में नकल का एक भी प्रकरण किसी भी केंद्र से सामने नहीं आया है।

### राजयोग महादेव मंदिर समिति ने किया आयोजन

# नगर भंडारे में हजारों लोगों ने ग्रहण की प्रसादी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्थानीय अस्पताल रोड स्थित राजयोग महादेव मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि महोत्सव के तहत सोमवार को नगर भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर में पूजा-अर्चना, अभिषेक अनुष्ठान एवं आरती उपरान्त शुरू हुए भंडारे में देर रात्रि तक हजारों की संख्या में श्रृद्धालु महिला, पुरुष, बच्चों सहित हर आयुवर्ग के श्रृद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। इस वृहद आयोजन के लिए मंदिर समिति द्वारा बीते कईं दिनों से व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही थी। मंदिर की स्थापना के लगातार तीसरे वर्ष इस विशाल नगर भंडारे का आयोजन किया गया।

**अब मनोहारी रूप ले चुकी है वाटिका**

आपको बतादें कि कुछ वर्षों पूर्व तक अस्पताल रोड वाली वनवाटिका पूरी तरह उजाड़ पड़ी हुई थी। ऐसे में नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू सहित अन्य समाजसेवियों ने वाटिका को आकर्षक रूप दिया। बाद में ईश्वरीय इच्छा से वाटिका में भगवान भोलेनाथ को विराजित कर एक भव्य मंदिर का निर्माण संपूर्ण नगरवासियों व अन्य श्रृद्धालुओं के सहयोग से संपन्न करवाया गया। कभी निर्जन लगने वाला यह क्षेत्र अब न केवल राजगढ़ नगर के प्रमुख धार्मिक स्थलों में शुमार हो चुका है।

# वैश्य समाज के रक्तदान शिविर में 41 यूनिट रक्त संग्रहित युवाओं ने दिखाया उत्साह



**कुरावर**। वैश्य समाज की युवा इकाई द्वारा सामाजिक दायित्व निभाते हुए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं, समाजसेवियों एवं गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में 41 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जो जरूरतमंद मरीजों के लिए उपयोगी साबित होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ वैश्य महासम्मेलन के मध्य प्रदेश प्रदेश महामंत्री इंजीनियर बीके गुप्ता, न्यू कुरावर सिटी के डायरेक्टर गौरव सोनी, रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव संजय शेखर शर्मा सहित अन्य वरिष्ठजनों एवं अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। शिविर के आयोजन में एसडीएम सुशील कुमार के निर्देशन में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा राजगढ़ का विशेष सहयोग रहा। रेडक्रॉस की टीम ने रक्त संग्रहण की व्यवस्था संभाली। दानदाताओं का पंजीयन, स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक जांच के बाद ही सुरक्षित रूप से रक्त एकत्रित किया गया।

### एक बच्चे को दवा पिलाकर कलेक्टर ने की अभियान की शुरुआत

# दस्तक अभियान: 1.75 लाख बच्चे गटकेंगे 'विटामिन-ए' की खुराक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में बच्चों के स्वास्थ्य संवर्धन और कुपोषण से मुक्ति की दिशा में मंगलवार से स्वास्थ्य विभाग द्वारा दस्तक अभियान शुरू किया गया है। जिला अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने कुछ नन्हे बच्चों को अपने हाथों से विटामिन-ए की खुराक पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस महाअभियान के तहत जिले के करीब 1 लाख 75 हजार से अधिक बच्चों को स्वास्थ्य सुरक्षा के दायरे में लाने का लक्ष्य रखा गया है। डॉ. मिश्रा ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि यह अभियान केवल औपचारिकता न रहे बल्कि शत-प्रतिशत बच्चों तक इसका लाभ पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव और वार्ड में तैयार की गई ड्यू लिस्ट के अनुसार बच्चों का चिन्हांकन किया जाए।

**19 मार्च तक घर-घर पहुंचेंगे स्वास्थ्य कर्मी**

सीएमएचओ डॉ. शोभा पटेल ने बताया कि 17 फरवरी से शुरु हुआ यह अभियान 19 मार्च तक चलेगा। विभाग ने इसके लिए पूरी तैयारी कर ली हैं एवं बच्चों के रिकॉर्ड का डिजिटाइजेशन भी पूरा कर लिया गया है। मैदानी अमले में तैनात आशा कार्यकर्ता, एएनएम और सीएचओ को प्रिंटेड सूचियां सौंपी गई हैं। डॉ. पटेल ने स्पष्ट किया कि यदि अभियान के दौरान बाहर से आए बच्चे भी मिलते हैं, तो उन्हें भी इसमें शामिल कर स्वास्थ्य लाभ दिया जाएगा।